Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 74 ◘ रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहसिना किदवई का निधन

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के 4 बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित आवास (सेक्टर-40) से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। शाम करीब 5 बजे उन्हें निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही थीं, कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी थीं और गांधी परिवार के काफी करीबी रही थी। किदवई ने केंद्र सरकार में मंत्री रहीं, इसके अलावा वह हज कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। वह कई बार की सांसद रहीं और उन्होंने कांग्रेस महासचिव के रूप में भी कार्य किया। वह कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य भी रहीं। सांसद मनीष तिवारी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती किदवई एक कद्दावर नेता थीं और उन्होंने कई बार सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की सेवा की।

जरीन खान की मां का निधन, लंबे समय से थीं बीमार... आज होगा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान और उनकी बहन सना खान पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी मां परवीन खान का बुधवार को मुंबई में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। इस दुखद खबर की पुष्टि जरीन खान की टीम ने की। एक्ट्रेस की टीम ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक बयान साझा करते हुए बताया कि परवीन खान ने 8 अप्रैल को शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। बयान में उन्हें परिवार का बेहद प्यारा सदस्य बताते हुए श्रद्धांजलि दी गई। बताया जा रहा है कि परवीन खान काफी समय से बीमार थीं। जरीन खान भी लगातार सोशल मीडिया पर अपनी मां की सेहत से जुड़ी जानकारी साझा कर रही थीं और फैंस से उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ करने की अपील कर रही थीं।

बिरादरी की बात

चूहा- डोनाल्ड ट्रंप रात में ईरान को धमका रहा था सुबह तक सीजफायर का ऐलान कर दिया। चुहिया- हां जी, दम तो नहीं है बड़बोलापन ज्यादा है।

सीजफायर पर ईरान के सुप्रीम लीडर का पहला बयान

मोजतबा खामेनेई बोले- जंग खत्म नहीं, फिलहाल फायरिंग बंद करे सेना

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमति बन गई है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने देश की सभी सैन्य इकाइयों को तुरंत फायरिंग रोकने का आदेश दिया है। राज्य संचालित प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग पर जारी बयान में खामेनेई ने कहा कि यह युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन सभी सैन्य शाखाओं को सर्वोच्च नेता के आदेश का पालन करते हुए फायरिंग बंद करनी चाहिए। युद्धविराम के बावजूद ईरान ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि यह कदम युद्ध खत्म होने का संकेत नहीं है और अगर अमेरिका या इस्राइल की ओर से कोई भी छोटी सी गलती होती है तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि हमारी उंगलियां ट्रिगर पर हैं और दुश्मन की किसी भी गलती का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ईरान ने जंग रोकने के लिए 10 शर्तें रखीं, यूरेनियम संवर्धन समेत कई अहम बातें

ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बुधवार को अमेरिका के साथ दो हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा की है। इस बीच ईरानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बताया, अमेरिका के साथ बातचीत दस अप्रैल को इस्लामाबाद में शुरू होगी जो की दस-सूत्रीय योजना पर आधारित होगी। इस योजना के फांसी भाषा वाले संस्करण में परमाणु कार्यक्रम के लिए संवर्धन की स्वीकृति की बात शामिल है।

बयान के अनुसार, जिन योजनाओं पर बात होगी उसमें- होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही ईरानी सेना के समन्वय में होगी, क्षेत्र में रेजिस्टेंस एक्सिस के खिलाफ सभी युद्ध और हमले बंद किए जाएं, अमेरिका को सभी ठिकानों और बेसों से अपनी सेनाएं वापस बुलानी होंगी, होर्मुज में सुरक्षित ट्रांजिट सिस्टम स्थापित किया जाए, जिसमें ईरान की प्रमुख भूमिका हो, ईरान को युद्ध में हुए नुकसान की पूरी भरपाई मिले, उन पर लगे सभी प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंध (सैंक्शन्स) हटाए जाएं, विदेशों में जब्त की गई ईरान की संपत्तियों को वापस किया जाए, इन सभी शर्तों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाध्यकारी प्रस्ताव में मंजूरी दी जाए, अमेरिका यह लिखित भरोसा दे कि वह भविष्य में ईरान पर कोई हमला नहीं करेगा।

सीजफायर पर भारत का पहला बयान- कहा- ईरान में जंग रुकने का स्वागत, पश्चिम एशिया में शांति बरकरार रहने की आशा: अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्धविराम के एलान से कूटनीतिक हल का निकलने का रास्ता नजर आने लगा है। इस युद्धविराम पर भारत की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस युद्धविराम का स्वागत किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम इस युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी।

हम जंग से शांति की ओर, यह क्षण पश्चिम एशिया के लिए नए 'स्वर्ण युग' की शुरुआतः ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अमेरिका फिलहाल ईरान पर सैन्य कार्रवाई रोक देगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि यह फैसला दो हफ्तों के लिए लिया गया है, ताकि कूटनीतिक समाधान की संभावना तलाश की जा सके। ट्रंप ने अपने बयान में Strait of Hormuz का भी जिक्र किया, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने में मदद करेगा।यह जलडमरूमध्य दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस परिवहन के लिए जिम्मेदार है, इसलिए यहां शांति बनाए रखना बेहद जरूरी माना जा रहा है।

पुलिसकर्मी की पिटाई से सफाई कर्मचारी का हाथ फ्रैक्चर, परिजनों ने लगाया आरोप

कांग्रेस पार्षदों ने कहा- दोषी आरक्षक पर हो कार्रवाई

रायपुर/अभनपुर, 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। गोबरा नवापारा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी के साथ थाने में मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सफाई कर्मचारी जुगे माचखंड के साथ गोबरा नवापारा थाने में पदस्थ आरक्षक हुलास साहू ने मारपीट की है, जिससे पीड़ित का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेसियों ने थाने में प्रदर्शन किया और दोषी आरक्षक पर कार्रवाई की मांग की।

बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह आरक्षक हुलास साहू पीड़ित को नाली सफाई के बहाने थाने लेकर आया था। इसी दौरान चोरी की एक घटना के संबंध में पूछताछ करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के नाम पर बेरहमी से उसकी पिटाई की गई, जिससे जुगे माचखंड गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के परिजन, मोहल्ले के लोग एवं नगर पालिका के अन्य सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में पीड़ित के साथ गोबरा नवापारा थाने पहुंचे और दोषी आरक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष राम यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने थाने पहुंचकर आरोपी आरक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आम जनता और कर्मचारियों के साथ इस तरह की मारपीट बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पुलिसकर्मी पर तत्काल सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक आरोपी आरक्षक पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग तेज होती जा रही है।

संघ लोक सेवा आयोग की सीडीएस एवं एनडीए परीक्षाएं 12 अप्रैल को होंगी आयोजित

रायपुर, 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित Combined Defence Services (CDS) Examination-2026 एवं National Defence Academy and Naval Academy (NDA) E&amination-2026 का आयोजन 12 अप्रैल 2026 को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा।

सीडीएस परीक्षा तीन पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा तृतीय पाली शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। यह परीक्षा कुल 3 केंद्रों राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक, पी.जी. उमाठे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर एवं श्रीमती पी.जी. डागा गर्ल्स कॉलेज बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक में आयोजित की जाएगी।

एनडीए परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी।

'चुनाव आयोग पहुंचे तृणमूल नेताओं को सात मिनट में भगाया गया'; डेरेक ओ ब्रायन ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने आज दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। सांसद का आरोप है कि आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे केवल सात मिनट में बैठक खत्म कर देने को कहा। डेरेक ओ ब्रायन ने बताया आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने गए। बैठक सुबह 10:02 बजे शुरू हुई। जब हमने उनसे पूछा कि आप अधिकारियों के तबादले कैसे कर रहे हैं और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कैसे करवाएंगे, बैठक के सात मिनट के भीतर ही उन्होंने कहा यहां से दफा हो जाओ। जो मैंने आज देखा, वह शर्मनाक है। सांसद ने आगे चुनौती दी कि चुनाव आयोग वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी करे, जिससे स्पष्ट हो सके कि बैठक में वास्तव में क्या हुआ। डेरेक ओ ब्रायन ने कहा हमारे एक सहयोगी ने उन्हें भारत के एकमात्र सीईसी होने पर बधाई दी जिन पर लोकसभा और राज्यसभा से हटाने के नोटिस आए हैं।

परीक्षा में लगी 4 शिक्षकों की ड्यूटी पहुंचे केवल एक एसडीएम ने कही मामले की जांच कराने की बात

बिलासपुर, 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगसरा में वार्षिक परीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आई है। 9 वीं और 11वीं कक्षा की परीक्षा के लिए विद्यालय में कुल 4 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन परीक्षा प्रारंभ होने के बाद केवल एक शिक्षक ही केंद्र पर मौजूद रहे. बाकी के शिक्षकों के विद्यालय नहीं पहुंचने से व्यवस्था प्रभावित हुई। कोटा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगसरा में 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा हो रही हैं, सोमवार को परीक्षा के लिए विद्यालय में कुल चार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन परीक्षा प्रारंभ होने के बाद भी सुबह 9:30 बजे तक केवल एक शिक्षक कौशल कुर्रे ही केंद्र पर मौजूद रहे।

बाकी के तीन शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे, जिससे परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती नजर आई। ऐसे में पूरी परीक्षा व्यवस्था एक ही शिक्षक कौशल कुर्रे के भरोसे संचालित होती रही। इनके द्वारा अकेले ही बच्चों को प्रश्न उत्तर पुस्तिका का वितरण कर सभी बच्चों के कक्षाओं की देखरेख भी कर रहे थे। अभिभावकों और ग्रामीणों में इसे लेकर नाराजगी देखी जा रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगसरा में पदस्थ अधिकतर शिक्षक बिलासपुर में निवास करते हैं, जिससे शिक्षक रोजाना ट्रेन के माध्यम से खोंगसरा तक आते-जाते हैं। समय पर ट्रेन न मिलना या देरी होना सीधे तौर पर स्कूल की व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। यही वजह है कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण दिन पर भी शिक्षक समय पर केंद्र तक नहीं पहुंच सके।

गोवा में जुटेंगे कई राज्यों के विधानसभा अधिकारी लोकसभा स्पीकर करेंगे कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (न्यूज चैनल)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को पणजी में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीपीए के जोन-7 के सम्मेलन का उद्देश्य संसदीय सहयोग को मजबूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। वहीं, क्षेत्र की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करना है। इस बैठक में 27 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा विधायकों की भूमिका और व्यापार, पर्यटन, शहरीकरण, पर्यावरण और तटीय संपर्क में जोन-7 की प्राथमिकताएं जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सीपीए इंडिया रीजन जोन-7 में गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र की विधानसभाएं शामिल हैं। सीपीए इंडिया रीजन को 2024 में नौ जोन में पुनर्गठित किए जाने के बाद जोन-7 का यह पहला सम्मेलन होगा। वर्तमान में, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष सीपीए इंडिया रीजन जोन-7 के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। 10 अप्रैल को होने वाले समापन सत्र में गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उपस्थित रहेंगे।

घटना के 7 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर, आईजी ने की 30 हजार रुपये के इनाम की घोषणा

अंबिकापुर, 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। अंबिकापुर में हुए चर्चित दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी वारदात को अंजाम देने के सातवें दिन भी फरार है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार जुटी हुई है। इसी बीच सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। आरोपी को पकड़वाने में मदद करने या फिर उसका सुराग बताने वाले को यह राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। यह सनसनीखेज मामला पिछले 2 अप्रैल गुरुवार को अंबिकापुर कोतवाली क्षेत्र के सद्भावना चौक, रिंग रोड किनारे सामने आया था, जहां टीटीएस फ्रेश फिस के पास एक महिला का रक्तरंजित शव मिला था। उसके शरीर के जगह-जगह

चोट के निशान थे। महिला के साथ दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

पुलिस की जांच में पता चला कि महिला लखनपुर इलाके की है। 10 साल पहले पति की मौत के बाद वह घर से निकल गई थी। उसका अंबिकापुर के गंगापुर इलाके में किराए का घर है, जहां उसका 25 साल का एक बेटा रहता है। महिला दो-दो महीने तक घर नहीं जाती थी। जब भी वह गंगापुर वाले घर जाती, तब उसके साथ उसका प्रेमी भी रहता था। प्रेमी खुद को पुष्पा बताता था और अजीबो-गरीब हरकतें भी करता था। दोनों नशे में होते थे। इससे महिला का बेटा भी उससे संबंध नहीं रखता था। प्रेमी की पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में हुई है। इसी पर हत्या करने का शक है। घटना के बाद से वह लापता है। पुलिस ने शनिवार को प्रेमी का फोटो जारी किया है। तलाश में पुलिस की चार टीमें जुटी हैं, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल पाया है। उधर, पीएम के बाद महिला का अंतिम संस्कार एक समाजसेवी संगठन ने शनिवार को किया।

महिला की जघन्य तरीके से हत्या की गई है। पीएम करने वाले मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक विभाग के डॉ. संटू बाग ने बताया कि महिला के सीने की 12 पसलियां टूट गई थीं। पसलियों की हड्डियों के कई टुकड़े हो गए थे। इससे महिला का फेफड़ा व दिल फट गया था। सिर में भी तीन जगह गंभीर चोट हैं। सिर की तीन हड्डियां टूटी थीं। गले को भी दबाया गया है। जिस तरह की चोटें दिखाई पड़ी हैं, उससे स्पष्ट है कि सीने पर चढ़कर काफी दबाव डाला गया है। दुष्कर्म की आशंका की पुष्टि के लिए विसरा जांच के लिए भेजा गया है। रेंज आईजी दीपक झा (भा.पु.से.) ने पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-ए में निहित प्रावधानों के अनुसार घोषणा की है कि उपरोक्त प्रकरण के अज्ञात आरोपी को पकड़वाने में जो कोई व्यक्ति पुलिस की किसी भी प्रकार से मदद करेगा व कोई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हो सके या उसे गिरफ्तार कराया जा सके, ऐसे सूचना देने वाले व्यक्ति को 30,000/- रुपये (तीस हजार रुपये) नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

दिल्ली दौरे पर सीएम साय, मंत्री केदार कश्यप ने कहा- छत्तीसगढ़ के विकास में पड़ेगा बड़ा असर, बस्तर बनेगा सबसे समृद्ध संभाग

रायपुर, 8 अप्रैल (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। इसे लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बस्तर का ब्लू प्रिंट सौंपा है। आने वाले समय में बस्तर और छत्तीसगढ़ के विकास में बड़ा असर पड़ेगा।सरकार की मंशा है कि वहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था और अधोसंरचना का निर्माण हो। मुख्यमंत्री के प्रयास के कारण ही प्रधानमंत्री की जो मंशा है वह पूरी हुई है। हमें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी बस्तर जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर काम करेगी। लगातार भूजल स्तर में गिरावट को लेकर मंत्री कश्यप ने कहा, लगातार भूजल का दोहन करेंगे तो जलस्तर में गिरावट आएगी।

इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही है। गर्मी की फसल में कम से कम भूजल का दोहन हो, कई जगह पर इस पर पाबंदी लगाई है। किसानों ने भी इस पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है।

कांग्रेस की होने वाली बैठक को लेकर केदार कश्यप ने कहा, पिछले सवा दो वर्षों से कोशिश से जारी है। मेरी शुभकामनाएं है कि जो अंदरूनी झगड़े हैं उससे निजात पाए, फिर बाद में सड़क पर आए। यह अच्छा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी सड़क पर आती है, उन्हें इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि आजादी के लंबे समय बाद भी इस देश, राज्य और क्षेत्र में शासन किया और उनके लिए क्या योजना बनाई, जिन योजनाओं का क्रियान्वयन की दृष्टि से हमारी सरकार ने काम किया। पिछली सरकार ने उन योजनाओं को बंद करने का काम किया तो उनका भी जवाब उन्हें देना चाहिए।